भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 18.03.2025

## आरेडिका में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली के चिकित्सालय में दिनांक 18.03.2024 को आरेडिका चिकित्सालय द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के सहयोग से एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. अभीप्सा ओझा (स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ), डॉ. गोपीनाथ नायक (न्यूरो सर्जन), डॉ. गौरव त्रिवेदी (अंकोलॉजिस्ट) और डॉ. अभय सिंह (जनरल फिजिशिन) के द्वारा चिकित्सालय में आए 117 मरीजों का उपचार किया गया।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली से आये डॉ. सुयेश सिंह (न्यूरो सर्जन), की टीम ने आरेडिका में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रथम उपचार, सीपीआर एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की जिसका उद्देश्य जीवनरक्षक कौशल एवं सामुदायिक सुरक्षा की भावना को बढाना एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावशाली प्रतिक्रिया देने के लिए लोगों को तैयार करना है जिससे लोगों के जीवन की रक्षा की जा सके।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली से आयीं मनोचिकित्सक डा0 श्रुति सिंहा ने अवसाद, चिंता, अन्य मानसिक विकारों के कारणों एवं निदान पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। व्याख्यान में आरेडिका के रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं संगठन की अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि, अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने प्रतिभाग किया एवं अपनी शंका के समाधान हेतु प्रश्न पूछ कर कार्यक्रम में अपनी रुचि का परिचय दिया।

आरेडिका के चिकित्साधिकारियों और कर्मचारियों ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

आरेडिका की पीसीएमओ डा0 आभा जैन ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर एक प्रतीकात्मक कदम है जो आरेडिका परिवार के लोगों में स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करती है, जिससे वे अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठा सकें ।

18.3.2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी